**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 26.12.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

समूचा देश आज वीर बाल दिवस मना रहा है। इस मौके पर गुरू गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान को याद किया जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। देश के विभिन्न हिस्सों के 20 बच्चों को इन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि इन प्रतिभाशाली और होनहार बच्चों ने अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन किया है। इससे दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बच्चों से रूबरू हुए। इसमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता और देशभर से आये स्कूली बच्चे शामिल है। इधर प्रदेश में भी वीर बाल दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम रखे गए है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की।

00000

चौमूं कस्बे में कानून व्यवस्था के मद्देनजर आज नेट बंदी की गई है। जयपुर के संभागीय आयुक्त पूनम ने आज सुबह सात बजे से कल सुबह सात बजे तक इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध लागू किया है। गौरतलब है कि कल दो पक्षों में हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई। इसके बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। प्रशासन की ओर से आमजन से शांति बनाये रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई।

00000

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में घर–घर सर्वे का दूसरा चरण शुरू हो गया है। चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि यह अभियान 15 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान क्षय रोग के नये मामलों की पहचान कर समय पर ईलाज उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान में बुजुर्गो, प्रवासी श्रमिकों, आदिवासी समुदाय के लोगों, खनन तथा निर्माण स्थलों, जेलों और झुग्गी झोपडियों में रहने वाले लोगों की घर–घर जाकर स्क्रीनिंग की जायेगी।

00000

चूरू जिले मे नकली घी बनाने की फैक्ट्री पकडी गई है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने आज शोभासर पुलिया के पास छापा मारकर ये फैक्ट्री पकडी। इस दौरान करीब साढे सात हजार लीटर मिलावटी घी और केमिकल्स के डब्बे तथा मशीने जब्त की गई। खाद्य सुरक्षा टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

00000

फलौदी जिले के खींचन गांव में आज से कुरजां महोत्सव का आगाज हो रहा है। दो दिन के इस महोत्सव में कई तरह की सांस्कृतिक और पर्यटन गतिविधियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।
इस दौरान हस्तशिल्प उत्पादों की भी प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके साथ ही कई रोचक प्रतियोगिताएं भी रखी गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव की पूर्व संध्या पर कल फलौदी दुर्ग रानीसर और रातडी नाला तालाब पर दीप दान का कार्यक्रम रखा गया। इसमें उल्लास के साथ बडी संख्या में लोगों ने भागीदारी निभाई।

00000

मौसम विभाग ने प्रदेश के 11 जिलों में अगले तीन–चार दिन के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें सीकर, चूरू, झुंझुनूं, नागौर, अलवर और करौली सहित अन्य जिले शामिल है। मौसम विभाग के अनुसार शेखावाटी अंचल के कुछ शहरों में बीते दो दिनों में रात के पारे में करीब 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई।

00000